Title: Need to convert Jai Narayan University, Jodhpur as a Central University.

**श्री जसवंत सिंह बिश्नोई :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मनाव संसाधन मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि राजस्थान देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please, order in the House. Hon. Minister, this is not the place for discussion. I would not allow these things.

**श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) :** खास तौर से पश्चिम राजस्थान का जोधपुर शहर मारवाड़ का केन्द्र बिन्दू है। जोधपुर शहर में बहुत पुराने विश्वविद्यालय हैं जहां के पढ़े छात्र देश और विदेश के कोने-कोने में मिलेंगे। वर्तमान समय में वहां जो जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय है, वह पश्चिम राजस्थान का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। उस विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने का प्रस्ताव भारत सरकार के पास विचाराधीन है। मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन मंत्री से निवेदन करना चाहूंगा कि पश्चिम राजस्थान मरूस्थल क्षेत्र है और जोधपुर शहर मरावाड़ का केन्द्र बिन्दू है। श्री जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के बच्चे आज देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी मिलेंगे, उस विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाये। बहुत-बहुत धन्यवाद।